# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

## जनसंपर्क कार्यालय

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


**हिंदी विश्वविद्यालय के एम.एड. पाठ्यक्रम के छात्रों का स्वावलंबी शिक्षक प्रशिक्षक संस्थान में शैक्षिक भ्रमण**

**वर्धा, 08 अक्टूबर 2025 :** महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के एम.एड. सत्र-3 के छात्रों ने शनिवार 04 अक्टूबर को स्वावलंबी शिक्षक प्रशिक्षक संस्थान,वर्धा का शैक्षिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का प्रमुख उद्देश्य छात्रों को विद्यालय स्तर पर संचालित शिक्षक-प्रशिक्षण गतिविधियों, शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया तथा शैक्षिक प्रबंधन की व्यवहारिक जानकारी उपलब्ध कराना था। इस दौरान संस्थान की प्राचार्य डॉ. उज्वला सदाफल ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए शिक्षण और प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। डॉ. कुमरे ने उपस्थित विद्यार्थियों को बी.एड. पाठ्यक्रम की संरचना एवं उसकी विशेषताओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर एवं विद्यालय प्रशिक्षुता कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. हेमचंद्र ससाने तथा शिक्षा विभाग के सहायक प्रोफेसर धीरज मसराम उपस्थित थे। छात्रों ने शिक्षण-पद्धति, शिक्षण-सामग्री निर्माण, कक्षा प्रबंधन, मूल्यांकन पद्धति तथा प्रशिक्षणार्थियों के मार्गदर्शन की प्रक्रियाओं का अवलोकन किया। प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से उन्होंने अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया।

शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम पर शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एवं अधिष्ठाता प्रो. गोपाल कृष्ण ठाकुर ने दोनों संस्थानों के समन्वय से भविष्य में शिक्षक-प्रशिक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। छात्रों ने इस शैक्षिक यात्रा को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया और कहा कि इससे उनकी व्यावसायिक दक्षता के विकास में सहयोग मिलेगा।


---

**पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत**

**ई-मेल/E-mail:** pro.mgahv@hindivishwa.ac.in **वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org**

**दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305**



पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: pro.mgahv@hindivishwa.ac.in वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305